# Atrium Health NC अस्पताल चिकित्सा ऋण शमन नीति (Medical Debt Mitigation Policy, MDMP)

Atrium Health सभी मरीज़ों की भुगतान करने की क्षमता से सरोकार रखे बिना उनके स्वास्थ्य की देखभाल और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। Atrium Health हमारी सेवाएँ प्राप्त करने वाले समुदायों में पात्र मरीज़ों की Medicaid जैसी स्वास्थ्य कवरेज तक पहुँच प्राप्त करने और जरूरतमंद लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए, हमारी नीतियाँ चिकित्सा ऋण के संचय की रोकथाम करने पर लक्षित उत्तरी कैरोलिना की चिकित्सा ऋण शमन (North Carolina Medical Debt Mitigation) पहल के अनुरूप हैं। MDMP उन मरीज़ों के लिए है जो उत्तरी कैरोलिना के स्थायी निवासी हैं और उत्तरी कैरोलिना में स्थित Atrium Health अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएँ प्राप्त करते हैं।

Atrium Health की वित्तीय सहायता नीति में NC MDMP द्वारा निर्धारित उद्देश्यों का समर्थन किया जाता है। यह "देखभाल" की हमारी मूल मान्यता तथा संघ और राज्य के वित्तीय सहायता से संबंधित विनियमों का पालन करने का प्रतीक है।

कानून के अनुसार, Atrium Health मरीज़ों की भुगतान करने की क्षमता से सरोकार रखे बिना अस्पताल के आपातकालीन विभाग में मरीज़ों को हमेशा उपचार उपलब्ध कराएगा। वित्तीय सहायता के पात्र मरीज़ों के बिल में बीमित मरीज़ के बिल में सामान्यतः लगाई जाने वाली राशि (AGB) से अधिक राशि कभी भी नहीं दी जाएगी। Advocate Health, AGB की गणना करने के लिए लुक-बैक विधि का उपयोग करता है। AGB की गणना करने संबंधी अधिक जानकारी के लिए, ग्राहक सेवा (Customer Service) से (704) 512-7171 पर संपर्क करें।

MDMP के उद्देश्यों को Advocate Health की वित्तीय सहायता नीति (Advocate Health Financial Assistance Policy) द्वारा पूरा किया जाता है जिसमें ये शामिल हैं:

- संघीय गरीबी के 300% से कम या उसके बराबर पारिवारिक आय वाले मरीज़ 100% वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- संघीय गरीबी के 301%-400% के बीच की पारिवारिक आय वाले मरीज़ आंशिक छूट प्राप्त कर सकते हैं।
- Atrium Health अपने चिकित्सा बिल का पूरा भुगतान करने में असमर्थ मरीज़ों के लिए भुगतान प्लैन के विकल्प उपलब्ध कराता है। भुगतान प्लैनों के बारे में पूछताछ करने वाले और संघ के गरीबी स्तर के 300% या उससे कम पारिवारिक आय वाले मरीज़ 100% वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं, जिससे भुगतान प्लैन की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

Advocate Health की वित्तीय सहायता नीति का परिशिष्ट A, नॉर्थ कैरोलिना के निवासियों के लिए अनुमानित पात्रता प्रक्रियाओं की रूपरेखा बताता है:

- कुछ फ़ेडरल और राज्य कार्यक्रमों में शामिल मरीज़, या जो आय पर आधारित न होने वाले अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं, वे 100% वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं और इसके लिए किसी आवेदन की आवश्यकता नहीं है।
- वित्तीय सहायता के लिए मरीज़ों का मूल्यांकन एक थर्ड-पार्टी इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीनिंग टूल का उपयोग करके किया जाएगा। यह थर्ड-पार्टी प्रक्रिया उन मरीज़ों की पहचान करती है जो 100% वित्तीय सहायता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

Atrium Health के वित्तीय सहायता कार्यक्रमों से संबंधित अपेक्षाओं, पात्रता मानदंडों, जाँच की प्रक्रियाओं और कार्य-प्रक्रियाओं संबंधी पूर्ण विवरण हमारी 'वित्तीय सहायता नीति' में देखा जा सकता है।

सरल भाषा में वित्तीय सहायता का सार, वित्तीय सहायता का आवेदन तथा बिलिंग और एकत्रण नीति सहित वित्तीय सहायता नीति और संबंधित दस्तावेज़ https://atriumhealth.org/for-patients-visitors/financial-assistance पर उपलब्ध हैं।

बनाने की तारीख: 1/1/25
अनुमोदित करने की तारीख: 1/1/25
संशोधित करने की तारीख: 1/1/26